E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–24/2023........8582 दि0 17/10/2023

आदेश

"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2640 दिनांक–03.04.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री सुशांत गौरव, (Emp. ID No.- AEN02252), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा द्वारा प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री सुशांत गौरव के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–04.08.2023 को 04:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी को ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र/प्रमाण–पत्र का सत्यापन हेतु पत्र निदेशालय पत्रांक–1519 दिनांक–15.02.2023 द्वारा Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) को भेजा गया।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) के पत्रांक–126 दिनांक–28.02.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के सत्यापनोपरान्त अपीलार्थी की डिग्री को Not Verified बताया गया है।

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–2018 दिनांक–06.03.2023 द्वारा अपीलार्थी से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध पूछे गये स्पष्टीकरण के स्थान पर अपना प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की पुनः जाँच करने की मांग की गयी है, तथा उल्लेख किया गया है कि मेरा मूल अंक प्रमाण–पत्र एवं प्रोविजनल प्रमाण–पत्र खो जाने के कारण नियोजन के समय जमा किया गया प्रमाण–पत्र की छायाप्रति अपठनीय एवं अस्पष्ट थी। संभवत इसी कारण से विश्वविद्यालय द्वारा मेरे प्रमाण–पत्रों को NOT VERIFIED किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अपीलार्थी द्वारा ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, जो इन पर लगे आरोपों को खंडित करता हो। फलस्वरूप निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा गलत/फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के कारण अपीलार्थी की संविदा नियोजन समाप्त की गई है।

अपील अभ्यावेदन, निदेशालय द्वारा दाखिल मंतव्य एवं संलग्न साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र संख्या–150833 जो दिनांक– 25.02.2019 को निर्गत हुआ है, उसे कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) ने अपने पत्रांक–199 दिनांक–16.03.2023 में स्पष्ट लिखा है:–"संरल क्र0 63 श्री सुशांत कुमार आवेदन नं0–AEN02252–श्री सुशांत कुमार द्वारा संलग्न की डिग्री क्र0–150833 विश्वविद्यालय द्वारा श्री सुशांत कुमार को जारी नहीं की गई है"।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अपीलार्थी फर्जी प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हुए है। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री सुशांत गौरव, (Emp. ID No.- AEN02252), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0 / –
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–24 / 2023....8582....**पटना, दिनांक :**–17/10/2023

प्रतिलिपि:– श्री सुशांत गौरव, (Emp. ID No.- AEN02252), (संविदा समाप्त) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा, Email- sushantgaurav02@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/2023

(विनोद कुमार पंकज)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–24 / 2023....8582....**पटना, दिनांक :**–17/10/2023

प्रतिलिपि:– बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–24 / 2023....8582....**पटना, दिनांक :**–17/10/2023

प्रतिलिपि:– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–24 / 2023....8582....**पटना, दिनांक :**–17/10/2023

प्रतिलिपि:– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

17/10/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–24 / 2023....8582....**पटना, दिनांक :**–17/10/2023

प्रतिलिपि:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/10/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप